इस प्रश्न-पत्र में **31** प्रश्न तथा **8** मुद्रित पृष्ठ हैं ।

**अनुक्रमांक** | | | | | | | | | | | |

**कोड नं. XXXIII/OS/O/2-A**

# हिंदी

# (201)

परीक्षा का दिन व दिनांक ........................................

निरीक्षकों के हस्ताक्षर 1. ........................................

2. ........................................

........................................

**सामान्य अनुदेश :—**

1. परीक्षार्थी प्रश्नपत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें ।
2. कृपया प्रश्नपत्र को जाँच लें कि पुस्तिका के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है । इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं ।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) या (D) में से कोई एक उत्तर चुनना है तथा अलग से दी गई उत्तर-पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखिए ।
4. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ-साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं । वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा ।
5. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा ।
6. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पुस्तिका की कोड संख्या **XXXIII/OS/O/2-A** लिखें।

P.T.O.

# हिंदी

# (201)

**समय : 3 घंटे** **कुल अंक : 100**

**निर्देश** :– (1) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) **सभी** प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उत्तर दीजिए।

(3) हर प्रश्न के सामने निर्धारित अंक दिए गए हैं।

(4) निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. सं. 1 से 12 तक) के चार-चार विकल्प (A), (B), (C) और (D) दिए गए हैं। इनमें से सही उत्तर वाला विकल्प लिखिए।

1. 'सरकारी मकान' कहानी में सुमित्रा ने क्यों कहा–"इससे अच्छा तो अपना गाँव ही था।" 1

(A) उसे शहर का जीवन पसंद न था

(B) उसे सहेली लाजो की याद आती थी

(C) उसे बेटे-बहू के व्यवहार में उदासीनता दीखने लगी थी

(D) उसे गाँव के पुश्तैनी मकान की चिंता थी

2. किरण बेदी द्वारा स्थापित स्वयंसेवी संस्था का नाम है : 1

(A) नवज्योति (B) नवधाम

(C) नवनिधि (D) नवदृष्टि

3. 'फर्क' लघुकथा के आधार पर बताएँ कि आज विश्व की सबसे बड़ी समस्या क्या है ? 1

(A) जनसंख्या वृद्धि (B) अपने-पराए का भेद

(C) भयंकर बीमारियाँ (D) मारक हथियार

4. 'जैसे कोई और हो' व्यंग्य लेख में, चाय की माँग बढ़ने पर चाय वाले ने क्या किया ? 1

(A) दूसरी जगह से चाय मँगवाई (B) चाय की मात्रा कम कर दी

(C) चाय का स्तर गिरा दिया (D) दुकान बंद कर दी

5. 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में कवि ने समाज के ढोंगी लोगों के प्रतीक के रूप में किसे चित्रित किया है ? 1

(A) चिड़िया (B) मछली

(C) चना (D) बगुला

6. 'या मुरली मुरलीधर की, अधरान धरी अधरा न धरौंगी ।'

उक्त पंक्ति में गोपिका मुरली को नहीं छूना चाहती, क्योंकि : 1

(A) मुरली कृष्ण की संपत्ति है

(B) मुरली गोपी की सौत है

(C) मुरली लकड़ी की बनी है

(D) गोपी को मुरली बजानी नहीं आती

7. 'मोको कहाँ ढूँढ़े रे बंदे········' पद में कबीर ईश्वर को कहाँ पाते हैं ? 1

(A) कर्मकांड में (B) मंदिर-मस्जिद में

(C) प्रत्येक प्राणी में (D) योग-वैराग में

8. पत्र में 'पूजनीय' संबोधन किसके लिए उपयुक्त है ? 1

(A) संपादक (B) दादाजी

(C) मित्र (D) छोटा भाई

9. सार-लेखन में आवश्यक नहीं : 1

(A) उपयुक्त भाषा-शैली (B) मूल बिंदु का चयन

(C) मुहावरों का प्रयोग (D) लेखक की भावनाएँ

10. निम्नलिखित में से किसका प्रयोग सभी समाचारों में आवश्यक नहीं है ? 1

(A) मेन हेडिंग (B) इंट्रो

(C) सब-हेडिंग (D) बाइलाइन

11. परीक्षा में प्रथम स्थान पाकर रमेश बहुत प्रसन्न हुआ।
उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित के लिए उपयुक्त मुहावरा है : 1

(A) लड्डू फूटना (B) गंगा नहाना

(C) फूला न समाना (D) अपने मुँह मियां मिट्ठू बनना

12. 'बाँध टूटा झर-झर मिलन के अश्रु ढरके'—'मेघ आए' कविता की इस पंक्ति में किसके आँसू बहने का उल्लेख है ? 1

(A) नववधू के (B) पाहुन के

(C) मेघों के (D) ग्रामवासियों के

13. 'इसे जगाओ' कविता के संदेश को अपने शब्दों में लिखिए। 1

14. 'सोभित कर नवनीत लिए............' पद के आधार पर कृष्ण के बालरूप का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए। 5

15. 'बहादुर' कहानी के गृहस्वामी को किन कारणों से नौकर रखना ज़रूरी लगा ? 1

16. 'हमारा आदिवासी समाज' पाठ के आधार पर बताएँ कि आदिवासी किसकी उपासना करते हैं और क्यों ? 1

17. 'जैसे कोई और हो' व्यंग्य लेख के आधार पर किसी मंत्रालय से जोड़ी गई किसी एक घटना का और उसमें निहित व्यंग्य का उल्लेख अपने शब्दों में कीजिए। 5

18. (क) भारत संघ की राजभाषा और उसकी लिपि का नाम लिखिए। 1

(ख) भोजपुरी किस वर्ग की बोली है ? 1

19. (क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** का संधि-विच्छेद कीजिए :

परमार्थ, जगन्नाथ, लंकेश। 2

(ख) 'उप' और 'वि' उपसर्ग जोड़कर **दो-दो** शब्द बनाइए। 2

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के **एक-एक** पर्यायवाची शब्द लिखिए :

पुष्प, आँख, शत्रु। 2

20. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** मुहावरों का वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए : 2

(*i*) घी के दीये जलाना

(*ii*) घुटने टेकना

(*iii*) आपे से बाहर होना

21. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 5

(क) यहाँ ताजा गन्ने का रस मिलता है।

(ख) हमने इस बात को विचार किया।

(ग) विद्वान स्त्री सर्वत्र पूजी जाती है।

(घ) मैं मंगलवार के दिन तुम्हारे ऑफिस आऊँगा।

(ङ) उसके पास केवल एक मात्र कोट है।

22. निम्नलिखित शब्द-युग्मों में से किन्हीं **दो** युग्मों का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए : 4

(*i*) अन्न—अन्य

(*ii*) सुर—सूर

(*iii*) अवलंब—अविलंब

23. पत्रों में दिनांक और भेजने वाले का पता लिखने का क्या महत्त्व है ? 1

24. मेडिकल में प्रवेश हेतु चुने जाने पर अपने मित्र या सखी को बधाई पत्र लिखिए। 7

**अथवा**

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को प्रतिभा की ओर से शिकायती पत्र लिखिए जिसमें अपने पड़ोस में गंदगी के कारण फैलने वाली बीमारियों की सूचना दी गई हो।

25. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर लगभग 200 शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) व्यायाम की आवश्यकता

(ख) कंप्यूटर बिना सब सूना

(ग) भूकंप—एक प्राकृतिक विपदा

(घ) मेरे जीवन का लक्ष्य।

26. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर 50-60 शब्दों में अपने विचार व्यक्त कीजिए : 5

(*i*) सूर्योदय का दृश्य

(*ii*) हाय ! बेरोजगारी

(*iii*) मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है

(*iv*) मज़हब नहीं सिखाता, आपस में बैर रखना।

27. भूकंप से पीड़ित लोगों के लिए चार राहत शिविर बने हैं। इन चारों शिविरों में क्रमशः 20, 30, 36 और 32 लोग रह रहे हैं। पहले शिविर में 12 महिलाएँ तथा 8 बच्चे हैं। दूसरे शिविर में 10 पुरुष, 15 महिलाएँ तथा 5 बच्चे हैं। तीसरे शिविर में 15 पुरुष, 15 महिलाएँ तथा 6 बच्चे हैं और चौथे शिविर में 13 पुरुष, 12 महिलाएँ तथा 7 बच्चे हैं। उक्त सूचना को उपयुक्त तालिका द्वारा दर्शाइये। 5

**28.** बाल-दिवस के अवसर पर आपके मुहल्ले में 5 से 16 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसकी सूचना देते हुए प्रतियोगिता संबंधी नियमावली तैयार कीजिए। 5

**अथवा**

आपके पड़ोस में रहने वाले 70 वर्षीय वृद्ध लापता हैं। उनकी तलाश के लिए उनका विवरण देते हुए समाचार-पत्र के लिए विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए।

**29.** आपकी परीक्षाएँ निकट हैं और घर में अचानक मेहमान आ गए हैं। ऐसे में अपनी मन:स्थिति और परेशानियों का उल्लेख कीजिए। 4

**30.** निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों को पढ़िए और इसके नीचे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

टकराते हैं इससे बादल, तो खुद पानी हो जाते हैं
तूफान चले आते हैं तो, ठोकर खाकर सो जाते हैं
जब-जब जनता को विपदा दी
तब-तब निकले लाखों गाँधी
तलवारों-सी टूटी आँधी
इसकी परछाईं में तूफान, चिरागों से शरमाता है।
गिरिराज हिमालय से भारत का, कुछ ऐसा ही नाता है।

**प्रश्न :**

(*i*) इस कविता में किसका गुणगान किया गया है ? 1

(A) आकाश (B) हिमालय पर्वत

(C) जंगल (D) बादल

(*ii*) तलवारों-सी टूटी आँधी में कौन-सा अलंकार है ? 1

(A) उपमा (B) यमक

(C) अनुप्रास (D) दृष्टांत

(*iii*) बादलों और तूफानों की दशा हिमालय से टकराकर कैसी हो जाती है ? 2

(*iv*) भारतीयों पर विपत्ति पड़े, तो प्राय: क्या होता है ? 2

**31.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और इसके नीचे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

आज के शिक्षाक्रम में चरित्र-गठन का कोई स्थान नहीं है और न उसको कोई महत्व दिया जाता है। हमारी संस्कृति में गुरु और शिष्य का संबंध बहुत ही सुंदर और मीठा हुआ करता था। इसका कारण यही था कि दोनों का एक दूसरे पर विश्वास हुआ करता था। गुरु शिष्य को पुत्रवत् मानते थे और उस पर स्नेह रखते थे। शिष्य गुरु को पितातुल्य और विश्वसनीय समझता था। गुरु का शिष्य के जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ा करता था और गुरु-शिष्य के बीच केवल व्यापारिक संबंध, जिसमें पैसे के बदले कुछ पुस्तकें पढ़ा देने मात्र का एक संपर्क होता है, न रहकर आध्यात्मिक संबंध हो जाता था जो घनिष्ठ हुए बिना नहीं रह सकता था। आज आएदिन समाचार-पत्रों में पढ़ने को मिलता है कि कहीं विद्यार्थियों ने शिक्षकों के विरुद्ध हड़ताल कर दी तो कहीं शिक्षकों में भी दलबंदियाँ हो गईं और विद्यार्थी भी कुछ एक दल में और कुछ दूसरे दल में शामिल हो गए और एक दूसरे का समर्थन करने लगे।

**प्रश्न :**

(*i*) प्राचीन काल में गुरु-शिष्य का संबंध कैसा था ? 2

(*ii*) आज गुरु-शिष्य के बीच कैसा संबंध है ? 2

(*iii*) समाचार-पत्रों में आएदिन, शिक्षक-छात्रों के बारे में क्या पढ़ने को मिलता है ? 2

(*iv*) उक्त गद्यांश का सार लिखिए। 2

(*v*) आज के शिक्षाक्रम में चरित्र-गठन का क्या स्थान है ? 1

(*vi*) ऐसे **दो** क्षेत्रों का उल्लेख कीजिए जिनमें हम आज भी गुरु-शिष्य परंपरा की झलक पाते हैं। 1

(*vii*) उक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

(*viii*) उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए : 1

आज की शिक्षा कैसी हो गई है ?

(A) आध्यात्मिक (B) राजनीतिक

(C) व्यावसायिक (D) धार्मिक

(*ix*) प्राचीन समय में गुरु, शिष्य को किस रूप में देखता था ? 1

(A) सेवक (B) पुत्र

(C) मित्र (D) रक्षक